107.15 रुपए पर बंद हुआ। शुरुआत के बाद यह शेयर 11.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ दिन के उच्चस्तर 123 रुपए पर पहुंच गया था। लेकिन बाद में इसमें गिरावट का रुख बना और यह इश्यू मूल्य 110 रुपए प्रति शेयर से 2.59 फीसदी नीचे 107.15 रुपए पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज में प्रदीप ओवरसीज का शेयर लगभग तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.80 रुपए पर बंद हुआ। पैनासोनिक आटोमोटिव इलेक्ट्रानिक्स के क्षेत्र में घरेलू सामान बनाने वाली पैनासोनिक इंडिया ने घरेलू वाहन उद्योग को लक्षित करते हुए आटोमोटिव इलेक्ट्रानिक्स के क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की है। इसके तहत पैनासोनिक आटोमोटिव सिस्टम्स इंडिया (पीएएसआई) के रूप में सहायक कंपनी का गठन किया जाएगा। पैनासोनिक अपनी वैश्विक कारोबारी रणनीति के तहत उभरते हुए बाजारों में पहुंच मजबूत कर रही है। इसी के तहत कंपनी पीएएसआई के सहारे भारत में अपनी पैठ मजबूत करने के साथ तेजी से बढ़ रहे कार बाजार में सेवाएं देगी। इसके लिए कंपनी गुड़गांव में मुख्यालय जबकि बैंगलूर में बिक्री कार्यालय शुरू करेगी। डालमिया सीमेंट का उत्पादन मार्च में चार प्रतिशत बढ़ा डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड (डीसीबीएल) का मार्च में सीमेंट उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 3.70 लाख टन पहुंच गया है। इससे पहले मार्च, 2009 में 3.57 लाख टन का उत्पादन दर्ज हुआ था। कंपनी का समीक्षाधीन महीने में सीमेंट लदान भी 15 फीसदी बढ़कर 4.10 लाख टन हो गया है। डीसीबीएल की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता 143 लाख टन है। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष में कारोबार बढ़ने की भी उम्मीद है। इससे पहले वित्त वर्ष 2008-09 में डीसीबीएल की कुल आय 1779 करोड़ रुपए थी। एफसीआई के नए सीएमडी सिराज हुसैन भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में सिराज हुसैन ने बतौर चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का पद संभाल लिया है। इससे पहले वह एफसीआई में कार्यकारी निदेशक के पद पर भी रह चुके हैं। गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स ने तीसरे साल शीर्ष कंपनी का अवार्ड जीता इनोक्स समूह की कंपनी गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स ने लगातार तीसरे साल रसायन क्षेत्र में शीर्ष कंपनी का अवार्ड जीता है। कंपनी को इन एंड बैडस्ट्रीट रोल्टा कारपोरेट अवार्ड 2009 के दौरान यह पुरस्कार दिया गया है।